## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान में आ रहे कोरोना संक्रमण के नए मामले, कराची में लॉकडाउन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत में लॉकडाउन लगाया गया है। इसमें कराची का कमर्शियल हब व अन्य सेंटर भी शामिल हैं। यहां कोविड–19 के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। शनिवार से शुरू हुआ यह लॉकडाउन 8 अगस्त तक लागू रहेगा। इसके लिए यहां के स्थानीय बिजनेस समुदाय और विपक्षी राजनीतिक पार्टियां विरोध जता रहीं हैं। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने कहा कि अचानक बढ़ रहे संक्रमण के मामलों ने यहां के अस्पतालों में भीड़ बढ़ा दी है। बता दें कि मामलों में ये बढ़ोत्तरी इस माह मनाए गए त्योहार ईद के कारण हुई है। सिंध प्रांत में सभी बाजारों को बंद किया जा रहा है। फार्मेसी, बेकरी, गैस स्टेशन व ग्रॉसरी की दुकानों को छूट दी गई है। ये दुकानें शाम 6 बजे तक खुली रहेंगी। वहीं सार्वजनिक परिवहनों को भी रोक दिया गया है। निजी वाहनों व टैक्सी में केवल दो लोगों को सफर करने की इजाजत होगी।

### कतर ने जारी किए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए नए नियम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दोहा। कतर के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना वायरस के संबंध में बांग्लादेश, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, फिलीपींस, श्रीलंका से आने वाले यात्रियों के लिए नए नियम जारी किए हैं। नए नियमों के मुताबिक कतर में कोरोना वैक्सीन लगवा चुके या कोरोना वायरस से रिकवर हो चुके यात्रियों को, जिन्होंने इन देशों की यात्रा की है, दो दिनों के लिए होटल क्वारंटीन में रहना पड़ेगा। दूसरे दिन नेगेटिव पीसीआर टेस्ट रिजल्ट आने के बाद क्वारंटीन को खत्म कर दिया जाएगा। नए नियमों के तहत इन देशों से आने वाले सभी यात्रियों को 10 दिनों के लिए भी होटल क्वारंटीन में रहना पड़ सकता है। मंत्रालय ने ग्रीन, येलो और रेड लिस्ट में शामिल किए गए देशों की सूची को भी अपडेट किया है। वहीं हवाई यात्रा प्रतिबंधों में छूट मिलने के बाद एयर इंडिया ने विभिन्न देशों के लिए अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की घोषणा की है।

### विदेशों में नौकरी के लिए भारतीयों की पहली पसंद यूएई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। ज्यादातर भारतीय जो विदेशों में काम करना चाहते हैं, संयुक्त अरब अमीरात उनकी पहली पसंद है। विदेश राज्य मंत्री ने गुरुवार को इसकी जानकारी भारतीय संसद को दी। सरकार के आव्रजन ब्यूरो के पिछले पांच सालों के आंकड़ों का हवाला देते हुए विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने लोकसभा को बताया कि जीसीसी क्षेत्र भारतीय पेशेवरों और ब्लू कॉलर्स वर्कर्स दोनों के लिए विदेशों में काम करने के लिए टॉप 5 में जगहों में शामिल है। मंत्री ने बताया कि पहली पांच जगहों में अमेरिका एकमात्र गैर–खाड़ी देश है। उन्होंने यह जानकारी डॉ मनोज राजोरिया के साथ साझा की, जिन्होंने उन देशों की सूची मांगी थी जहां भारतीय नौकरी के लिए सबसे ज्यादा यात्रा करते हैं। इस लिस्ट में पहले नंबर पर यूएई फिर सऊदी अरब, कतर, अमेरिका और ओमान शामिल हैं।

### पहली बार मिला 31 करोड़ साल पुराना दिमाग का जीवाश्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इलिनॉई। वैज्ञानिकों को पहली बार 31 करोड़ साल पुराना एक केकड़े का जीवाश्म मिला है। नई स्टडी के मुताबिक इस खोज से इस अनोखे जीव, जिसे 'वितेमीवम बतंइ या अश्वनाल केकड़ा कहा जाता है, इसके विकास से जुड़े कई रहस्य खोले जा सकते हैं। इस जीव का नाम भले ही केकड़े पर है लेकिन यह मकड़ों और बिच्छुओं के ज्यादा करीब है। यह जीवाश्म जिस प्रजाति का है वह विलुप्त हो चुकी है। इसे अमेरिका के इलिनॉई में मेजन क्रीक में पाया गया। ये ऐसी कंडीशन्स में मिला जहां सॉफ्ट टिशू को अच्छी तरह से संरक्षित किया जा सका। इस केकड़े की चार प्रजातियां बाकी हैं। इन सबके सख्त स्केलेटन, 10 पैर और यू–शेप का सिर है। इनके जीवाश्म पहले भी मिले हैं लेकिन प्राचीन सिर के बारे में पता नहीं चला।

# तालिबान पर अफगान सैनिकों ने बड़ी कार्रवाई की

**संघर्ष**

## अफगान बलों ने तालिबान से गुजारा जिले पर नियंत्रण हासिल किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जवज्जान (अफगानिस्तान)। अफगान सैनिकों ने तालिबान पर बड़ी कार्रवाई की है। अफगानिस्तान के उत्तरी जवज्जान प्रांत में सैनिकों द्वारा किए गए हवाई हमले में तालिबान के 21 आतंकी ढेर हो गए। यह जानकारी उत्तरी क्षेत्र में सेना के प्रवक्ता मोहम्मद हनीफ रेजाई ने शनिवार को दी।

सेना के प्रवक्ता ने बताया कि इस हमले में मुर्गब, हसंताबिन, आत्मा और आसपास के गांवों में तालिबान के ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसके साथ ही जवज्जान प्रांत के पड़ोसी प्रांत सारी पुल को जोड़ने वाली सड़क पर हमला किया गया, जिसमें 21 तालिबानी आतंकवादी मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए।

बता दें कि अफगानिस्तान में सुरक्षा बलों और तालिबान के बीच संघर्ष तेज हो गया है। अफगान सुरक्षा बलों ने कई प्रांतों में आतंकियों को निशाना बनाया। बीते एक दो दिन में 100 से ज्यादा आतंकियों को



ढेर कर दिया और करीब 90 को घायल कर दिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि हेरात प्रांत में सुरक्षा बलों के अभियान में 52 तालिबान आतंकी मारे गए और 47 घायल हो गए।

गौरतलब है कि तालिबान आतंकियों ने मई की शुरुआत में अफगानिस्तान से अमेरिकी नेतृत्व वाली सेना की वापसी के बाद से गतिविधियों को तेज कर दिया है और कथित तौर पर लगभग 200 जिलों पर कब्जा कर लिया है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अफगान बलों ने पश्चिमी प्रांत हेरात में तालिबान से गुजारा जिले पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। पुनः कब्जा करने के दौरान, अफगान राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक तालिबानी आतंकवादियों को मार गिराया गया। इसमें कई घायल हो गए। साथ ही उनके भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद नष्ट कर दिए गए। मंत्रालय ने ट्वीट किया, अफगान वायु सेना के समर्थन से ANDSF और सार्वजनिक विद्रोह बलों ने आज हेरात प्रांत के गुजारा जिले को तालिबान आतंकवादियों के नियंत्रण से मुक्त कर लिया। परिणामस्वरूप 100 से अधिक तालिब आतंकवादी मारे गए और घायल हो गए। इसके अतिरिक्त, बड़ी संख्या में उनके हथियार नष्ट कर दिए गए। अफगानिस्तान में हाल के हफ्तों में हिंसा बढ़ी है क्योंकि तालिबान ने नागरिकों, अफगान रक्षा और सुरक्षा बलों के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिए हैं। यह युद्धग्रस्त देश से विदेशी सैनिकों की वापसी के एलान के बाद सब हो रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में, तालिबान देश के पूर्वोत्तर प्रांत तखर सहित अफगानिस्तान के कई जिलों पर कब्जा कर लिया। अफगान विदेश मंत्रालय के अनुसार तालिबान ने 193 जिला केंद्रों और 19 सीमावर्ती जिलों पर कब्जा कर लिया है। तालिबान ने तखर, कुंदुज, बदख्शां, हेरात और फराह प्रांतों में देश भर में 10 सीमा पार करने वाले बिंदुओं पर भी नियंत्रण कर लिया है, जिससे इन क्षेत्रों में सीमा पार से आवाजाही और व्यापार पूरी तरह से बंद हो गया है।

## चीन में नई कोरोना लहर की दस्तक?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन में कोविड –19 के डेल्टा वेरिएंट के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। चीन की राजधानी बीजिंग सहित 15 शहर संक्रमण के मामलों से जूझ रहे हैं। सरकारी मीडिया ने इसे दिसंबर 2019 में वुहान में वायरस के प्रकोप के बाद सबसे बुरी स्थिति करार दिया है। 'ग्लोबल टाइम्स' ने बताया कि कोविड–19 मामलों में नई बढ़ोत्तरी पूर्वी चीन के जिआंगसु प्रांत की राजधानी नानजिंग के एक एयरपोर्ट से शुरू हुई और पांच अन्य प्रांतों और बीजिंग में फैल गई है।

**डेल्टा वेरिएंट ने बढ़ाई चिंता** रिपोर्ट में कहा गया है कि नानजिंग शहर ने कई एयरपोर्ट कर्मचारियों के संक्रमित पाए जाने के बाद सभी उड़ानों को सस्पेंड कर दिया है। तेजी से फैलने वाले डेल्टा वेरिएंट के मामले 15 चीनी शहरों से सामने आए हैं। डेल्टा वेरिएंट की सबसे पहले पहचान भारत में हुई थी। हालांकि नए मामलों की संख्या अभी भी कुछ सैकड़ों में है लेकिन अलग–अलग प्रांतों में संक्रमण के तेजी से फैलने के चलते चिंताएं बढ़ गई हैं।

**बीजिंग में अचानक बढ़े मामले** बीजिंग में पिछली बार मामले सामने आने के 175 दिनों से अधिक समय के बाद मामलों का अचानक सामने आना है, अधिकारियों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है।



## किम जोंग फिर से बीमार? वजन घटना, कमजोर हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। ज्यादातर अपनी 'क्रूरता' के लिए चर्चित उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग की नई तस्वीरें, इस बार अलग ही वजह से लोगों का ध्यान खींच रही हैं। दरअसल, किम जोंग ने इस साल कम से कम 20 किलो वजन कम कर लिया है। हाल ही में उनकी सैन्य अफसरों का अभिवादन करते हुए तस्वीरें सामने आई थीं। इन्हें देखकर लग रहा था कि वजन कम होने के बाद उनका ट्रेडमार्क माओ सूट ढीला हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि एक महीने पहले सरकारी मीडिया ने किम की सेहत पर चिंता जताई थी। आमतौर पर किम की सेहत के बारे में चर्चा नहीं की जाती और इससे जुड़ी जानकारियां सीक्रेट रखी जाती हैं लेकिन अब उनके वजन पर चर्चा भी होने लगी है और चिंता भी जताई जा रही है।

## अफगानिस्तान का एक बुजुर्ग जिसने 70 साल की उम्र में उठाई एके–47

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान लगातार अपने पैर पसार रहा है और एक के बाद एक जिलों पर कब्जा कर रहा है। आतंकी संगठन के खिलाफ अब मुजाहिदीन के पूर्व नेता और जमीयत–ए–इस्लामी पार्टी के एक वरिष्ठ सदस्य मोहम्मद इस्माइल खान ने हथियार उठाए है। 70 वर्षीय इस्माइल खान ने अफगानिस्तान के पश्चिम में हेरात प्रांत में अपने सैकड़ों वफादारों को तैनात किया है।

**सच नहीं होने देंगे तालिबान के सपने:** प्रांत के कई जिलों पर कब्जा करते हुए तालिबान अब हेरात शहर के करीब आ गया है

**तालिबान को जड़ से उखाड़ फेंकने की खाई कसम**

लेकिन यहां आतंकी संगठन के लिए कब्जा करना इतना आसान नहीं होगा। इस्माइल खान का कहना है, हम युद्ध के मोर्चे बनाएंगे। हम हेरात शहर को उन लोगों से बचाएंगे जो इसे लूटने आए हैं। हम हेरात को लूटने के उनके सपने को सच नहीं होने देंगे। हम उन्हें हेरात के लोगों पर बुरी नजर नहीं डालने देंगे।

**हेरात के बाद दूसरे जिलों की ओर बढ़ेंगे:** इस्माइल खान हेरात की सुरक्षा करने के साथ–साथ अन्य जिलों को तालिबान के कब्जे से मुक्त कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हेरात शहर के आसपास सुरक्षा बनाए रखने के बाद, सेना का प्रयास प्रांत के अन्य जिलों को तालिबान के कब्जे से मुक्त कराना होगा। इस्माइल खान ने कहा, जल्द ही आप शहर के अलग–अलग हिस्सों और हेरात के जिलों में विद्रोही बलों की मौजूदगी देखेंगे। हेरात में शांति स्थापित करने के बाद हम पश्चिमी क्षेत्र की ओर बढ़ेंगे।

**हेरात निवासी तालिबान से जंग को तैयार:** टोलो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों में तालिबान ने इस्लाम कला और तोरघुंडी सीमावर्ती शहरों सहित हेरात प्रांत के आठ जिलों पर कब्जा कर लिया है। हेरात के निवासी फिरोज अहमद ने कहा, हम तालिबान को हेरात शहर में कभी दाखिल नहीं होने देंगे।

## दुनिया में सबसे ज्यादा वैक्सीन लगाने वाला देश कैसे बना यूएई?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। कोरोना वायरस का मुकाबला करने के लिए वैक्सीन सबसे बड़ा हथियार है। कई देश बड़े पैमाने पर वैक्सिनेशन कर काफी हद तक वायरस से बचाव को सुनिश्चित कर चुके हैं। इनमें संयुक्त अरब अमीरात का नाम भी शामिल है, जिसका वैक्सिनेशन रेट 70 फीसदी पहुंच चुका है। हालांकि डेल्टा वेरिएंट के सामने आने और कई देशों में इसके फैलने के बाद नागरिकों से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए कहा गया है।

खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एक ओर जहां दुनिया में 10 में से 8 लोगों को अभी तक वैक्सीन की डोज नहीं मिल पाई है, वहां यूएई में हालात इसके ठीक विपरीत हैं। देश में करीब 10 में 8 लोगों को आंशिक या पूरी तरह से वैक्सीन लग चुकी है। रॉयटर्स की एक स्टडी के अनुसार वैश्विक स्तर पर ज्यादातर मौतें बिना वैक्सिनेशन वाले लोगों की हुई हैं। अच्छी खबर यह है कि 2021 में टीकों पर लोगों का संदेह अब कम हो रहा है।